This question paper contains **16+8** printed pages]

*Your Roll No*...............

**679**

**B.Com.(Hons.)/III C**

Paper XVI—MANAGEMENT ACCOUNTING

(Admissions of 2004 and onwards)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : 75

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— The maximum marks printed on the question paper are applicable for the candidates registered with the School of Open Learning. These marks will, however, be scaled down proportionately in respect of the students of regular colleges, at the time of posting of awards for compilation of result.

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt *All* the questions.

Show your workings clearly.

**सभी प्रश्न कीजिए।**

अपना कार्य स्पष्ट रूप में दर्शाइये।

1. (*a*) Explain the significance of cost reduction in the present global economy. Mention some important techniques used for cost reduction. 6

(*b*) The Chief Accountant of Vikas Limited found to his surprise that the actual profit for the period ending 30th June, 2012 was the same as budgeted in spite of realizing 10% more than the budgeted selling prices. The following were the results :

| | Budget | Actuals |
|---|---|---|
| | (Rs.) | (Rs.) |
| Sales | 5,00,000 | 8,25,000 |
| Variable cost of sales | 3,00,000 | 5,75,000 |
| Fixed cost | 1,00,000 | 1,50,000 |
| Profit | 1,00,000 | 1,00,000 |

You are required to assist the Chief Accountant in preparing the necessary explanations as to why the profit remained the same despite an increase in sales. 9

(क) वर्तमान वैश्विक अर्थव्यवस्था में लागत घटाने के महत्त्व की व्याख्या कीजिए। कुछेक महत्त्वपूर्ण तकनीकों का उल्लेख कीजिए, जिन्हें लागत घटाने के लिए प्रयोग में लिया जाता है ?

(ख) विकास लिमिटेड के मुख्य लेखापाल को यह देखकर अचंभा हुआ कि 30 जून 2012 को समाप्त हुई अवधि का वास्तविक लाभ उतना ही था जितना बजट में दिखाया गया था जबकि बजट में ली गई विक्रय कीमत

से 10% अधिक धन प्राप्त हुआ था। परिणाम इस प्रकार थे :

| | बजट (रु.) | वास्तविक (रु.) |
|---|---|---|
| बिक्री | 5,00,000 | 8,25,000 |
| बिक्री की परिवर्ती लागत | 3,00,000 | 5,75,000 |
| स्थायी लागत | 1,00,000 | 1,50,000 |
| लाभ | 1,00,000 | 1,00,000 |

आपको मुख्य लेखापाल को इसका आवश्यक स्पष्टीकरण तैयार करने में सहयोग देने के लिए कहा गया है कि किस कारण लाभ वही रहा जबकि बिक्री में वृद्धि हुई है।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) Distinguish between cost estimation and cost ascertainment. Explain why both are important to a manufacturing concern. 6

(*b*) The word Cost appears different under different settings and applications. In this context explain and illustrate the uses of the following cost concepts :

(*i*) Incremental cost

(*ii*) Direct cost

(*iii*) Opportunity cost and

(*iv*) Relevant cost. 9

(क) लागत आकलन और लागत-निश्चयीकरण में अन्तर बताइए। व्याख्या कीजिए कि किस कारण ये दोनों एक निर्माता प्रतिष्ठान के लिए महत्त्वपूर्ण हैं ?

(ख) लागत शब्द का इस्तेमाल भिन्न स्थितियों और अनुप्रयोगों में भिन्न होता है। इस संदर्भ में निम्नलिखित लागत-संकल्पनाओं के उपयोगों का वर्णन कीजिए :

(*i*) वृद्धिक लागत;

(*ii*) प्रत्यक्ष लागत;

(*iii*) विकल्प लागत;

(*iv*) प्रासंगिक लागत।

2. (*a*) "Flexible Budgets are more realistic and useful than fixed budget." Do you agree ? 3

(*b*) What are the various circumstances under which material price variances are likely to arise ? 3

(c) Calculate (*i*) Efficiency; and (*ii*) Capacity Ratio from the following figures : 9

| | |
|---|---|
| Budgetary production | 80 units |
| Actual Production | 60 units |
| Standard time per unit | 8 hours |
| Actual Hours worked | 500 |

(क) "लोचदार बजट स्थायी बजट से अधिक यथार्थवादी और उपयोगी होते हैं।" क्या आप सहमत हैं ?

(ख) उन विभिन्न परिस्थितियों को बताइए जिनके अधीन सामग्री की कीमत में प्रसरणों के बढ़ने की संभावना होती है ?

(ग) निम्नलिखित आँकड़ों से (*i*) दक्षता और (*ii*) क्षमता-अनुपात का परिकलन कीजिए :

| | |
|---|---|
| बजटीय उत्पादन | 80 यूनिट |
| वास्तविक उत्पादन | 60 यूनिट |
| मानक समय प्रति यूनिट | 8 घण्टे |
| वास्तविक घण्टे काम किया | 500 |

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) What are the pre-requisites for introducing Responsibility Accounting in a company. 3

(*b*) "Marginal costing rewards sales whereas absorption costing rewards production." Comment. 3

(*c*) A factory manufactures two types of articles—X and Y. Article X takes 10 hours to make and article Y requires

20 hours. In a month (25 days of 8 hours each) 500 units of X and 300 units of Y are produced. The budgeted hours are 8,500 per month. The factory employs 60 men in the department concerned. Compute Activity Ratio, Capacity Ratio and Efficiency Ratio. 9

(क) कम्पनी में उत्तरदायित्व लेखाकरण को प्रवर्तित करने के लिए पूर्वापेक्षाएँ क्या हैं ?

(ख) "सीमांत लागत निर्धारण बिक्री बढ़ाता है जबकि अवशोषण लागत निर्धारण उत्पादन बढ़ाता है।" टिप्पणी कीजिए।

(ग) एक फैक्ट्री X और Y नामक दो प्रकार की वस्तुओं का निर्माण करती है जिसमें A के निर्माण में उसे 10 घण्टे और Y के निर्माण में 20 घण्टे लगते हैं। एक महीने में (25 दिन प्रतिदिन 8 घण्टे काम करके)

X की 500 यूनिट और Y की 300 यूनिट तैयार होती हैं। बजटीय घण्टे 8500 घण्टे प्रति माह हैं। फैक्ट्री के संबंधित विभाग में 60 लोग काम करते हैं। सक्रियता अनुपात, क्षमता अनुपात और दक्षता अनुपात का अभिकलन कीजिए।

3. (*a*) What are assumptions of Break-even Chart ? 3

(*b*) You are requested to prepare a sales Overhead Budget from the estimates given below :

| | Rs. |
|---|---|
| Advertisement | 2,500 |
| Salaries of the sales department | 5,000 |
| Expenses of sales department | 1,500 |
| Counter salesman's salaries and dearness allowance | 6,000 |

Commission to counter salesmen at 1% on their sales.

Travelling salesmen's commission at 10% on their sales and expenses at 5% on their sales.

The sales during the period were estimated as follows : 6

| **Counter Sales** | **Travelling Salesmen's Sales** |
|---|---|
| 80,000 | 10,000 |
| 1,20,000 | 15,000 |
| 1,40,000 | 20,000 |

(*c*) The profit volume ratio of X Ltd. is 50% and the margin of safety is 40%. You are required to calculate the net profit if the sales volume is Rs. 1,00,000. 6

(क) लाभ-अलाभ स्थिति के चार्ट के अभिग्रह क्या हैं ?

(ख) नीचे दिए गए अनुमानों से बिक्री उपरिव्यय बजट तैयार कीजिए :

| | रु. |
|---|---|
| विज्ञापन | 2,500 |
| बिक्री विभाग के वेतन | 5,000 |
| बिक्री विभाग के खर्चे | 1,500 |
| काउन्टर सेल्समैन के वेतन और महँगाई भत्ते | 6,000 |

काउन्टर सेल्समैनों द्वारा की गई बिक्री पर 1% कमीशन। यात्रा पर जाने वाले सेल्समैनों का उनके द्वारा की गई बिक्री पर 10% कमीशन और बिक्री पर 5% खर्चे दिए जाते हैं।

इस अवधि में की गई बिक्री के अनुमान इस प्रकार थे :

| काउंटर से बिक्री | यात्रा सेल्समैनों द्वारा बिक्री |
|---|---|
| 80,000 | 10,000 |
| 1,20,000 | 15,000 |
| 1,40,000 | 20,000 |

(ग) 'X' लिमिटेड का लाभ आयतन अनुपात 50% और सुरक्षा की सीमा 40% है। आपको निवल लाभ का परिकलन करना है यदि बिक्री की मात्रा 1,00,000 रु. है।

*Or*

**(अथवा)**

The following figures relate to a manufacturing company

| | |
|---|---|
| Annual sales at 100% effective capacity | Rs. 12,00,000 |
| Fixed Overhead | Rs. 4,00,000 |
| Total variable costs | Rs. 6,00,000 |

It is proposed to increase the capacity by the acquisition of 30% additional space and plant. It will result increase of fixed overhead by Rs. 1,00,000 per annum.

Plot the foregoing on a single break-even chart and determine from the chart at what capacity utilization the same profit as before will be produced after the extensions have been made. 15

निम्नलिखित आंकड़े एक निर्माता कम्पनी से संबंधित हैं :

| | |
|---|---|
| 100% प्रभावी क्षमता पर वार्षिक बिक्री | 12,00,000 रु. |
| स्थायी उपरिव्यय | 4,00,000 रु. |
| कुल परिवर्ती लागतें | 6,00,000 रु. |

क्षमता को बढ़ाने के लिए अतिरिक्त स्थान और संयंत्र अर्जित करने का प्रस्ताव है। इसका परिणाम यह होगा कि स्थायी उपरिव्यय में 1,00,000 रु. की वार्षिक वृद्धि हो जाएगी। सकल लाभ-अलाभ स्थिति चार्ट पर उपर्युक्त को प्लॉट कीजिए और चार्ट से निर्धारित कीजिए कि किस क्षमता का उपयोग करने पर पहले जितना ही लाभ, विस्तार कर देने के बाद, प्राप्त होगा।

4. A company has two plants at Location I and II. Operating at 100% and 75% of their capacities respectively. The company is considering a proposal to merge the two plants at one location to optimize available capacity. The following details

are available in respect of the two plants, regarding their present performance/operation :

| **Particulars** | **Location I** | **Location II** |
|---|---|---|
| Sales (Rs. in lakhs) | 200 | 75 |
| Variable cost (Rs. in lakhs) | 140 | 54 |
| Fixed cost (Rs. in lakhs) | 30 | 14 |

For decision-making purposes you are required to work out the following information :

(*i*) The capacity at which the merged plant will break-even.

(*ii*) The profit of the merged plant working at 80% capacity.

(*iii*) Sales required if the merged plant is required to earn an overall profit of Rs. 22 lakhs. 15

एक कम्पनी के पास स्थान I और II पर दो संयंत्र हैं। ये क्रमशः 100% और 75% क्षमता पर प्रचालन कर रहे हैं। कम्पनी इन दोनों संयंत्रों को एक स्थान पर विलय करने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है ताकि उपलब्ध क्षमता को इष्टतम कर सकें। इन दो संयंत्रों के बारे में, उनकी वर्तमान निष्पादन/प्रचालन क्षमता के संबंध में निम्नलिखित तफसीलें उपलब्ध हैं :

| **विवरण** | **स्थान I** | **स्थान II** |
|---|---|---|
| बिक्री (लाख रु. में) | 200 | 75 |
| परिवर्ती लागत (लाख रु. में) | 140 | 54 |
| स्थायी लागत (लाख रु. में) | 30 | 14 |

निर्णय लेने के उद्देश्य से आपको अग्रलिखित सूचनाओं का हिसाब लगाना है :

(*i*) क्षमता जिस पर विलय किए गए संयंत्र लाभ-अलाभ की स्थिति में आ जाएँगे।

(*ii*) 80% क्षमता पर काम करने पर विलय किए गए संयंत्र का लाभ।

(*iii*) यदि विलय किए गए संयंत्र से 22 लाख रु. का कुल लाभ अर्जित करना हो, तो कितनी बिक्री करनी होगी ?

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) "The role of managerial accountant is deciding among alternative course of action is crucial." Examine this statement with special reference to special order acceptance. 6

(*b*) ABC Ltd. produces a variety of products each having a number of components parts product B takes 5 hours

to produce on a particular machine, which is working at full capacity, B has a selling price of Rs. 100 and variable cost of Rs. 60 per unit. A component part X-100 could be made on the same machine into house at variable cost of Rs. 10 per unit. The supplier's price for the component is Rs. 25 per unit.

*Required* :

Advise whether the company should buy the component X-100 (If necessary make suitable assumptions). 9

(क) "प्रबंधकीय लेखापाल की भूमिका, वैकल्पिक क्रिया को तय करने में महत्त्वपूर्ण है।" इस कथन की जाँच विशेष आदेश को स्वीकार करने के संदर्भ में कीजिए।

(ख) ABC लिमिटेड विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार करती है, प्रत्येक उत्पाद में कई घटक हैं। B एक खास मशीन को तैयार करने में, पूर्ण क्षमता से काम करने पर, 5 घण्टे का समय लेती है। उत्पाद B की विक्रय कीमत 100 रु. और परिवर्ती लागत 60 रु. प्रति यूनिट

है। A घटक भाग X–100 को इसी मशीन पर कार्यशाला में ही परिवर्ती लागत 10 रु. प्रति यूनिट पर बनाया जा सकता है। घटक की सप्लायर कीमत 25 रु. प्रति यूनिट है।

**अपको करना है :**

सलाह दीजिए कि क्या कम्पनी को घटक X–100 को खरीद लेना चाहिए। (यदि आवश्यक हो तो उपयुक्त कल्पना कर सकते हैं)।

5. A.S. Ltd. operates a system of standard costing in respect of one of its products which is manufactured within a single cost centre the following information is available :

For one unit of product the standard material input is 20 litres at a standard price of Rs. 2 per litre. The standard wage rate is Rs. 6 per hour, and 5 hours are allowed to produce one unit. Fixed production overhead at the rate of 100% of direct wages cost.

During the month just ended the following occurred :

| | |
|---|---|
| Actual price for material purchased | Rs. 1.95 per litre |
| Total direct wages cost was | Rs. 1,56,000 |
| Fixed production overhead incurred was | Rs. 1,58,000 |

| **Variances** | **Favourable** | **Adverse** |
|---|---|---|
| | Rs. | Rs. |
| Direct material price | 8,000 | — |
| Direct material usage | — | 5,000 |
| Direct Labour usage | — | 5,760 |
| Direct labour efficiency | 2,760 | — |
| Fixed production overhead expenditure | — | 8,000 |

*Required* :

Calculate the following for the month :

(*i*) Budgeted output in units.

(*ii*) Number of liters purchased.

(*iii*) Number of liters used above standard allowed.

(*iv*) Actual units produced.

(*v*) Actual hours worked

(*vi*) Actual wage rate per hour. 15

'A.S. लिमिटेड' अपने उत्पादों में से एक के बारे में मानक लागत निर्धारण की पद्धति का प्रचालन करती है जिसे सकल लागत केंद्र में बनाया जाता है। इसके लिए निम्नलिखित सूचनाएँ उपलब्ध हैं :

उत्पाद की एक यूनिट के लिए 2 रु. प्रति लिटर की मानक कीमत पर 20 लिटर मानक पदार्थ का इस्तेमाल करना पड़ता है। मानक मज़दूरी दर 6 रु. प्रति घण्टा है और एक यूनिट को तैयार करने के लिए 5 घण्टे का समय दिया जाता है। स्थायी उत्पादन उपरिव्यय प्रत्यक्ष मज़दूरी लागत के 100% की दर पर हैं।

हाल ही में समाप्त हुए महीने के दौरान निम्नलिखित क्रियाएँ हुईं :

खरीदी गई सामग्री की वास्तविक कीमत 1.95 रु. प्रति लिटर

| | |
|---|---|
| कुल प्रत्यक्ष मज़दूरी लागत | 1,56,000 रु. |
| स्थायी उत्पादन उपरिव्यय | 1,58,000 रु. |

| **प्रसरण** | **अनुकूल** | **प्रतिकूल** |
|---|---|---|
| | (रु.) | (रु.) |
| सामग्री की प्रत्यक्ष लागत | 8,000 | — |
| सामग्री का प्रत्यक्ष उपयोग | — | 5,000 |
| श्रम का प्रत्यक्ष उपयोग | — | 5,760 |
| श्रमिक की प्रत्यक्ष दक्षता | 2,760 | — |
| स्थायी उत्पादन उपरिव्यय खर्चे | — | 8,000 |

**आपको करना है :**

माह के लिए निम्नलिखित का परिकलन कीजिए :

(*i*) बजटित उत्पादन यूनिटों में;

(*ii*) खरीदे गए लिटरों की संख्या;

(*iii*) स्वीकृत मानक से अधिक प्रयुक्त लिटरों की संख्या;

(*iv*) तैयार की गई यूनिटों की वास्तविक संख्या;

(*v*) वास्तव में कितने घण्टे काम किया;

(*vi*) प्रति घण्टा वास्तविक मज़दूरी दर।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) Differentiate between performance budgeting and programme budgeting. 3

(*b*) A gang of workers usually consists of 10 men, 5 women and 5 boys in a factory. They are paid at standard hourly rates of Rs. 12.25, Rs. 8 and Rs. 7 respectively. In a normal working week of 40 hours the gang is expected to produce 1,000 units of output.

In a certain week the gang consisted of 13 men, 4 women and 3 boys. Actual wages were paid at the rates

of Rs. 12, Rs. 8.5 and Rs. 6.5 respectively. Two hours were lost due to abnormal idle time and 960 units of output were produced.

Calculate various labour variances. 12

(क) निष्पादन बजटिंग और कार्यक्रम बजटिंग में अन्तर बताइए।

(ख) एक फैक्ट्री में कर्मचारियों के एक गैंग में 10 आदमी, 5 औरतें और 5 लड़के हैं। उन्हें क्रमशः 12.25 रु. 8 रु. और 7 रु. मानक घंटा दर से मज़दूरी दी जाती है। सामान्य कार्यकारी सप्ताह में 40 घंटे होते हैं और गैंग से 1000 यूनिटें तैयार करने की अपेक्षा है। एक विशेष सप्ताह में गैंग में 13 आदमी, 4 औरतें और 3 लड़के हैं। इन्हें क्रमशः 12 रु., 8.5 रु. और 6.5 रु. की दर से वास्तविक मज़दूरियाँ दी गईं। असाधारण दो घंटे का निष्क्रिय समय बेकार गया और 960 यूनिटें तैयार की गईं।

विभिन्न श्रम प्रसरणों का परिकलन कीजिए।